भारत सरकार
खान मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं.132
दिनांक 02.02.2022 को उत्तर देने के लिए

आंध्र प्रदेश में लिथियम परियोजना

†132. श्री श्रीधर कोटागिरी:
श्रीमती चिंता अनुराधा:
डॉ. संजीव कुमार शिंगरी:

क्या **खान मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:
(क) क्या सरकार क्षेत्रीय सर्वेक्षण परियोजना 2021-22 के तहत आंध्र प्रदेश में भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण (जीएसआई) की लिथियम परियोजना से अवगत है;
(ख) यदि हां, तो आंध्र प्रदेश में उक्त परियोजना के तहत जीएसआई की खोज और अब तक हुई प्रगति का ब्यौरा क्या है; और
(ग) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर
खान, कोयला एवं संसदीय कार्य मंत्री
(श्री प्रल्हाद जोशी)

(क) से (ग): जी हां। भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण (जीएसआई) ने पारनपल्ली-लोपाटानुटुला क्षेत्र, अनंतपुर और कडापा, जिला आंध्र प्रदेश के भागों में लिथियम (Li) की संभावना का पता लगाने के लिए कार्य सत्र 2021-22 के दौरान एक जी4 स्तरीय (आवीक्षण सर्वेक्षण) गवेषण परियोजना शुरू की है जिसके तहत व्यापक मानचित्रण के साथ-साथ मृदा,स्ट्रीम सेडीमेंट और बेडरॉक नमूनों का संग्रह किया जाता है।

कुछ नमूनों के प्रारंभिक विश्लेषणात्मक परिणामों में सिल्टस्टोन के सूक्ष्म इन्टरकेलेशन वाले डोलोमाइट के भीतर उपस्थित राइओलिटिक टफ बेडस में 18 से 322 पीपीएम (पार्ट्स प्रति मिलियन) लिथियम की उपस्थिति के संकेत मिले हैं।

*****